हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी कैम्पस में हुआ हादसा

## गिट्टी खाली करते समय हाइवा का डाला बिजली के तार से टकराया, धमाके के साथ लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल बिहारी बाजपेयी यूनिर्वसिटी कैम्पस में गिट्टी खाली करने के दौरान हाइवा का डाला बिजली के तार से टकरा गया, इससे धमाके के साथ हाइवा में भीषण आग लग गई। ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई, दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि अटल यूनिर्वसिटी कैम्पस में प्रशासनिक भवन के लिए कंट्रक्शन का काम चल रहा है। 22 जनवरी की दोपहर 2 बजे हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीजे, 4727 का ड्राइवर शबीर कुमार आजाद गिट्टी लेकर आया। कैम्पस के खाली मैदान में ड्राइवर गिट्टी खाली करने के लिए डाला ऊपर उठा रहा था। इसी दौरान डाला हाईटेंशन बिजली तार से टकरा गया। आवाज होने से आनन फानन में ड्राइवर गाड़ी से नीचे कूद गया। इसी दौरान इंजन में धमाका के साथ आग लग गई। देखते ही देखते हाइवा भीषण आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर कोनी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर कैम्पस पहुंच गई। बिजली सप्लाई बंद करने के बाद टीम दमकल के पानी से आग बुझाने में जुट गई। घण्टों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। आग से हाईवा जलकर खाक हो गया है। कोनी पुलिस मामले में आगजनी कायम कर जांच कर रही है।

## दंपती सहित 4 तस्कर गिरफ्तार, 13 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** दो बाइक में गांजा बिक्री करने जा रहे दंपती सहित 4 लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। उनके पास से 13 किलो गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजा की कीमत 6 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।



बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर को सूचना मिली कि कुछ लोग दो बाइक में कोटा की ओर से भारी मात्रा में गांजा लेकर जा रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री ठाकुर ने स्टाफ के साथ कोटा मार्ग पंडरापथरा के पास घेराबंदी की। इसी दौरान दो बाइक में महिला सहित चार लोग बोरी रखकर जाते दिखे। पुलिस ने सड़क पर खड़े होकर रूकने का इशारा किया तो दोनों बाइक चालक रफ्तार तेज कर भागने लगे। पुलिस ने आधा किलो मीटर दूर तक पीछा कर बाइक सवार लोरमी निवासी गजेन्द्र कुमार खत्री पिता तेजमल खत्री 38 साल, नीरज उर्फ मोन्टू पिता मानिकदास मानिकपुरी 24 साल, मंगलू राम साहू पिता छोटेलाल साहू 32 साल, सरस्वती पति मंगलूराम साहू को पकड़कर बोरी की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 13 किलो गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 6 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा, दोनों बाइक जब्त कर चारों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 4 दिन पहले भी पकड़ा गया था गांजा

4 दिन पहले बेलगहना पुलिस ने गांजा लेकर बिक्री करने जा रहे एक युवक को पकड़ लिया था। उसके पास से 5 किलो गांजा जब्त किया गया था। ज्ञात हो कि ओडिशा से गांजा लेकर उसी मार्ग होते हुए जीपीएम व मध्य प्रदेश ले जाया जाता है। उस मार्ग बड़े स्तर गांजा की तस्करी होती है।






# हादसे में घायल 4 मजदूर निजी अस्पताल में भर्ती




**बिलासपुर।** बलौदा बाजार के रियल इस्पात प्लांट के डीएससी कोयला भट्टी में विस्फोट होने से 7 मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं 10 से अधिक मजदूर भी घायल हो चुके हैं। गुरूवार को 4 मजदूर को बिलासपुर लाया गया है, जहां निजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे के समय मजदूर भट्ठे के आसपास सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ और भट्ठे में रखा गर्म कोयला उछलकर मजदूरों पर गिर पड़ा। गर्म कोयले की चपेट में आने से मजदूर बुरी तरह झुलस गए। विस्फोट इतना जोरदार था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ब्लास्ट के बाद प्लांट परिसर में आग लग गई। धमाके के साथ आसमान में कई मीटर ऊंचाई तक काले धुएं का गुबार उठता रहा। फैक्ट्री की दीवारें धुएं और कालिख से काली पड़ गईं। आसपास राख और जला हुआ कोयला बिखरा हुआ नजर आया। सूचना मिलते ही दमकल की




गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में झारखंड के मेराल थाने के राजहरा गांव निवासी शराफत अंसारी 32 वर्ष, शाबरी अंसारी 34 वर्ष मुमताज अंसारी 26 वर्ष को ट्रामा अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह तीनों मजदूर आपस में भाई है, वहीं बिहार के देवरी डुमरिया रामू भइया की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# सात संकुल समन्वयकों ने दिया इस्तीफा, मंजूर

**बिलासपुर।** जिले के सात संकुल समन्वयकों का इस्तीफा कलेक्टर ने मंजूर कर लिया। इस्तीफा स्वीकार करने के साथ ही कार्यकाल के जांच का आदेश जारी कर दिया है।

जिले के शहरी क्षेत्र में कार्यरत सात संकुल समन्वयकों द्वारा दिए गए इस्तीफे को कलेक्टर कार्यालय ने मंजूरी दे दी है। व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर पद छोड़ने वाले इन समन्वयकों की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं, कलेक्टर ने सीईओ को इस्तीफा मंजूर करने के साथ ही कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों के आडिट और लेखा-जोखा की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। शहरी क्षेत्र में पदस्थ सात संकुल समन्वयक मनोज सिंह बिजौर, विकास साहू कुदुदण्ड, योगेंद्र वर्मा मोपका, शेषमणी कुशवाहा चांटीडीह, आशीष वर्मा सिरगिट्टी, प्रभात कुमार मिश्रा तारबाहर और श्रीकांत भगत दयालबंद ने स्वास्थ्यगत और पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी ओम पांडेय को इस्तीफा सौंपा दिया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल को संकुल केंद्रों में हुए प्रशासनिक कार्यों और वित्तीय लेन-देन की जांच का निर्देश भी जारी कर दिया है।

### जांच के दायरे में आया कार्यकाल

कलेक्टर कार्यालय से मिले निर्देश के बाद अब समन्वयकों के रिकार्ड खंगाले जाएंगे। विशेष रूप से संकुलों को आवंटित बजट, विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लेखा-जोखा की जांच की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिजौर संकुल समन्वयक पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

बिजौर संकुल समंव्यक मनोज सिंह पर परिवहन के नाम पर लाखो के घोटाले का आरोप है, जिसकी जांच के लिए पहले ही तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। मनोज सिंह पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व प्राचार्य के साथ मिलकर बाइक को पिकअप व आटो बता कर लाखों रुपए की बंदरबांट की है।

### जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही

समग्र शिक्षा विभाग के डीएमसी ओम पाण्डेय का कहना है कि कलेक्टर कार्यालय से सात संकुल समन्वयकों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए हैं। इन समन्वयकों के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों और फाइलों की जांच का आदेश भी मिल गया है। जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही है।




हिन्दू धर्म में बसंत पंचमी का विशेष महत्व है। इस दिन मुख्य रूप से सरस्वती माता की पूजा की जाती है। माघ मास की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे विधि विधान के साथ सरस्वती मां का पूजन पीले वस्त्र धारण करके किया जाता है। इस दिन से ही नए कार्यों की शुरुआत होती है।

इस दिन बसंत ऋतु का आगमन होता है और हर तरफ हर्ष और उल्लास का माहौल होता है। इस दिन माता सरस्वती की पूजा करने से विद्या और बुद्धि की प्राप्ति होती है। बसंत पंचमी पर घर, मंदिरों के अलावा पूजा पंडाल लगाकर भी सरस्वती पूजा की जाती है। देवी सरस्वती ज्ञान, संगीत और ध्यान का अवतार हैं। विद्या की देवी माँ सरस्वती का स्वरूप एवं संकल्पना विश्व में अद्वितीय है। यदि हम देवी सरस्वती के प्रतीकात्मक स्वरूप को देखें तो उनके एक हाथ में वीणा है और दूसरे हाथ में पुस्तक है। पुस्तक बाएं मस्तिष्क की गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करती है, और वीणा, जो संगीत संकाय का प्रतिनिधित्व करती है वह रचनात्मक पक्ष को दर्शाती है और दाएं मस्तिष्क को सक्रिय करती है। उनके हाथ में जप माला है जो जीवन के ध्यान संबंधी पक्ष को दर्शाती है। शिक्षा गान (संगीत), ज्ञान (बौद्धिक ज्ञान), और ध्यान (ध्यान) इन तीनों तत्वों से ही परिपूर्ण हो सकती है।

























# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एग्जाम अलर्ट

## परीक्षा में सरल प्रश्नों को पहले हल करें, न बदलें प्रश्नों का क्रम



**बिलासपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की तिथि घोषित हो चुकी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक, 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक होंगी। वहीं, 5वीं बोर्ड परीक्षा 16 मार्च और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होंगी।

ऐसे में परीक्षा की तैयारी के साथ परीक्षा कक्ष में उत्तर पुस्तिका लिखने के सही ढंग और क्रम मूल्यांकनकर्ता को जांचने में सहायक होते हैं। प्राचार्य एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के विषय समिति के संयोजक मनीष गोवर्धन ने अपने 32 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परीक्षा हाल में प्रश्न पत्र मिलने पर पहले 10 मिनट पेपर अच्छे से पढ़ें, ताकि यह मार्क कर सकें कि कौन से प्रश्नों के उत्तर अच्छे से याद है। प्रश्न पत्र हल करने का क्रम प्रारंभ से जिस क्रम में प्रश्न दिया है, उसी क्रम में उत्तर लिखें।क्योंकि, मूल्यांकनकर्ता को उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अंक प्रविष्ठ करना होता है।

### ताकि मूल्यांकनकर्ता को नंबर देने में आसानी हो

पहले चरण में आसानी से बनने वाले प्रश्नों को हल कीजिए, जो अच्छे से याद हैं। किसी प्रश्न का उत्तर नहीं बन रहा है, तो उसके लिए उत्तर की शब्द सीमा के अनुसार स्थान छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। प्रथम चरण के बाद आत्मविश्वास की वृद्धि होती है, उसके बाद उन प्रश्नों को हल करना प्रारंभ कीजिए, जो याद है। लेकिन, समय का विशेष ध्यान रखें। दोनों चरणों के बाद बचे हुए समय में उन प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें, जिसके लिए स्थान छोड़ा है।

धर्मक्षेत्र

## हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस आज, होगा भंडारा

**बिलासपुर।** शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस बसंत पंचमी पर शुक्रवार को मनाया जा रहा है, इस अवसर पर भगवान हनुमान का पूजन कर भव्य भंडारा रखा गया है। संध्या को भगवान हनुमान की भव्य महाआरती भी की जाएगी इस दौरान भजन- कीर्तन भी होगा। बतादें की पीछले वर्ष ही हनुमान मंदिर का जीर्णोधार किया गया था,जिसमें भव्य स्वरूप मंदिर का दिया गया है,यह शहर के प्राचीन मंदिरों में से एक है। जहां भगवान हनुमान को एक चबुतरे में स्थापित कर पूजन करना प्रारंभ किया गया था,जो अब बड़े स्वरूप में मंदिर में भगवान की पूजा की जा रही है।




कार्यक्रम

## मिथिलांगन कल्याण समिति का पारिवारिक मिलन




**बिलासपुर।** मिथिलांगन कल्याण समिति का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह रविवार को लखीराम ऑडिटोरियम में दीप प्रज्ज्वलन और महाकवि विद्यापति एवं माँ जानकी के फोटो पर पुष्प माला अर्पण कर हुई। सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ व्यक्ति प्रवीण झा, वी एन झा,के के ठाकुर, आई के झा और डॉ धर्मेन्द्र दास को माला,पाग और शाल पहनाकर सम्मानित किया। आजीवन सदस्य के लिए डॉ संपूर्णानंद झा एवं रामाशीष झा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जनों के द्वारा मैथिल कैलेंडर विमोचन किया गया, समाज के बच्चे जिन्होंने बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षा में अब्बल आएं है,उसमें आकांक्षा झा, आदित्य झा, तृप्ति ठाकुर और दिव्यांश ठाकुर को सम्मानित किया गया। समाज के बच्चे और बड़े लोगों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन ललित मोहन मिश्र एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सुनील मिश्रा, कोषाध्यक्ष अंबुज झा, आनंद चौधरी, नारायण प्रसाद ठाकुर, सोहन झा रहें।

भेंट

## केन्द्रीय संस्कृति मंत्री से नई दिल्ली में गेड़ी कलाकारों ने की मुलाकात



**बिलासपुर।** गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली के रिहर्सल कर्तव्य पथ पर आए केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के द्वारा छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य के 35 लोक कलाकारों के साथ गेड़ी में संतुलन बनाकर नृत्य करते कलाकारों का मनोबल बढ़ाया गया।

हिंदुस्तान का मनाए जाने वाला सबसे बड़ा महापर्व में सभी प्रदेश के कलाकारों की भागीदारी है जिसमें गेड़ी लोक नृत्य दल का अपना विशेष महत्व एवं स्थान है। गेड़ी लोक नृत्य दल के लोक नृत्य निर्देशक एवं लोक श्रृंगार भारती के अध्यक्ष अनिल कुमार गढ़ेवाल के द्वारा उक्त जानकारी प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि इस बार गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ की गहरी नृत्य का चयन किया गया है।

# अयोध्या में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर पूजन-भजन

**बिलासपुर।** भगवान श्रीराम अयोध्या में हुए प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ व वसंत पंचमी की पूर्व संध्या के अवसर पर शहर के मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं ने विभिन्न कार्यक्रम किए। गुरूवार को सिम्स चौक लक्ष्मीनारायण मंदिर,रपटा चौक हुनमान मंदिर, श्रीकांत वर्मा मार्ग हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, रामचरित मानस पाठ, भजन-कीर्तन व महाआरती हुई। सामाजिक संस्थाओं ने भव्य भंडारे भी अयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।





### श्री राम परिवार की मनमोहक झांकी



ब्रह्माकुमारीज़ मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर में रामलला प्राणप्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर श्री राम परिवार की एक अत्यंत सुंदर एवं मनमोहक आध्यात्मिक झांकी प्रस्तुत की गई। इस झांकी में मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, तीनों माताएं तथा भक्त हनुमान के दिव्य स्वरूप को भावपूर्ण रूप से दर्शाया गया। श्री राम के आदर्श चरित्र, मर्यादाओं और मूल्यों को प्रत्येक मनुष्य के जीवन में उतारना तथा पुनः सनातन धर्म की स्थापना करते हुए भारत में रामराज्य की भावना को सुदृढ़ करना। कार्यक्रम के आयोजक बीके विकास भाई ने कहा "हम सभी को श्री राम के जीवन का गहन अवलोकन कर उनके गुणों और आदर्शों को अपने अंदर धारण करना चाहिए, ताकि इस देश का हर नर श्री राम जैसा और हर नारी माता सीता जैसी बने। तभी पुनः इस देश में रामराज्य की स्थापना संभव है। कार्यक्रम संचालन बीके शारदा बहन द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीके अंजलि बहन, बीके अनुराधा बहन, बीके अंजू बहन एवं बीके ईश्वरी बहन की सहभागिता रही।

### भजन कीर्तन व हल्दी कुमकुम



श्री राम जन्मभूमि स्थापना दिवस एवं बसंत पंचमी के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला की बहनों ने मिलकर भजन कीर्तन एवं हल्दी कुमकुम का प्रोग्राम रखा। दो दिवसीय कार्यक्रम में अखंड रामचरित मानस पाठ पश्चात 108 हनुमान चालीसा का पाठ और हवन तथा संध्या समय ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा भजन एवं हल्दी कुमकुम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडे, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी, सचिव शशि प्रभा पांडे, संगीता शर्मा, लता दुबे, कृष्णा दुबे, पुष्पा शुक्ला, सुलेखा शर्मा, अर्चना शुक्ला, चंचल कामिनी, संगीता तिवारी उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष अर्चना तिवारी एवं शशि प्रभा पांडे की ओर से सभी को हल्दी कुमकुम करके सुहाग पिटारा एवं तेल के लड्डू बांटे गए।



### मंगला में अंखड रामायण व भंडारा

मंगला के वार्ड क्रमांक 13 में श्री राम जन्मभूमि स्थापना दिवस के दूसरे वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्षद रमेश पटेल ने बताया कि इस अवसर पर सुबह प्रभात फेरी निकाली गई इसके पश्चात मंदिर में पूजन कर भंडारा रखा गया। इस मौके पर अखंड रामायण पाठ भी किया गया।

# सिंधी समाज ने दुनिया में बनाई पहचान

### सिंधी भाषा एवं संस्कृति विषय पर व्याख्यान




**बिलासपुर।** पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय व राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी भाषा एवं संस्कृति विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी, अध्यक्षता कुलपति प्रो. वी. के. सारस्वत रहे। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में विनीता भावनानी व वक्ता नीरज जग्यासी रहे। कुलसचिव चंद्रभूषण मिश्र ने समस्त अतिथियों का परिचय एवं स्वागत भाषण दिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूजा विधानी ने कहा कि सिंधी भाषा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए ऐसे विश्वविद्यालय में आयोजन एवं प्रयास करना बहुत सराहनीय है। सिंधी समाज के लोग बहुत कठिन समय में भी बिना किसी की मदद लिए अपनी मेहनत अच्छे स्तर में है। उन्होंने बताया कि सिन्धु दर्शन यात्रा जून के प्रथम एवं अंतिम सप्ताह को निर्धारित किया गया है।

भारतीय सिन्धु सभा द्वारा शुरू की गई यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क है। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि सिंधी समाज अखंड भारत से निकल कर बहुत कठिन स्थिति में आए, लेकिन उन्होंने अपना धर्म नहीं छोड़ा, अपना आत्मसम्मान नहीं छोड़ा, यह उनकी बहुत बड़ी विशेषता है। सिंधी समाज न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए है, जो कि उनकी समृद्धि को दर्शाता है। यह तभी संभव है जब हम धर्म के साथ चले। धर्म का आशय बताते हुए उन्होंने कहा कि जो प्रकृति के साथ चल रहे है वही धर्म है।



### सिंधी भाषा प्राचीन समय से प्रचलित

तत्पश्चात मुख्य वक्ता विनीता भावनानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सप्त नदियों के समीप रहने वाले लोगों को ही सिंधी कहते हैं। सिंध का एक अर्थ समुद्र होता है, समुद्र से आशय है कि विशाल, वृहत रूप में। जिससे सिंधी समाज की विशाल संस्कृति और इतिहास की जानकारी मिलती है। सिंधी भाषा प्राचीन समय से प्रचलित है। प्राचीनतम गीत इनके साहित्य व संस्कृति की पहचान कराते है। सिंधी भाषा में बालगीत से मृत्यु के भावों तक राग और गीत उपलब्ध है।

# पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति से बांधा समा

**बिलासपुर।** चॉटीडीह बस्ती स्थित रामायण चौक परिसर में हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक राजकुमार सचदेव ने कहा कि हिंदू समाज को सशक्त और संगठित रहने की आवश्यकता है।

धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहने का आवाहन करते हुए उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को समय की आवश्यकता बताया। मुख्य अतिथि रजककार बोर्ड अध्यक्ष ने जन समूह को आध्यात्मिक नैतिक और संस्कार पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी। प्रीति दुबे ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में नारी सशक्ति की भागीदारी अनिवार्य है, सम्मेलन के अध्यक्षता पंडित श्यामकांत उपाध्याय ने कहा एक सशक्त समाज के नींव अच्छे विचारों, अनुशासन और सेवाभाव से ही रखी जा सकती है। कार्यक्रम के सहसंयोजक विष्णु यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया बस्ती के नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री राम भजन व छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



# नेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दमखम



स्पोटर्स न्यूज

**बिलासपुर।** जयपुर में 30 से 1 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से खेलों ताईक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन के खिलाड़ी अमन गेनडारे, ऋषभ पटेल, गौरव, जतिन, नीलिमा, आरुषि, लता, संजनी, मुस्कान एवं इंटरनेशनल मास्टर गणेश सागर द्वारा जाने की पूरी तैयारी कर ली गईं है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी इंटरनेशनल खेलने नेपाल देश जाएंगे। नेशनल प्रतियोगिता के लिए सभी खिलाड़ी सुबह शाम प्रतिदिन दो-दो घंटा ट्रेनिंग कर रहे हैं। इंटरनेशनल ताइक्वांडो मास्टर गणेश सागर द्वारा एस बी आर कॉलेज में फ्री ताईक्वांडो क्लास खोला गया है जहां शहर के काफी खिलाड़ी फ्री में सीखने जा रहे हैं इस क्लास में फ्री ट्रेनिंग के साथ साथ लड़कियों के लिए स्पेशल सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण जरूर कराए यहां एक वर्ष के लिए फ्री क्लास चलेगा। इस फ्री क्लास में कोई भी पुरुष महिला भाग ले सकते हैं। रोज शाम 4 से 6 बजे तक क्लास चल रहा है।

# क़्वान कीडो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छात्रों का शानदार प्रदर्शन




जम्मू में आयोजित क़्वान कीडो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। केशव अग्रवाल ने इंडिविजुअल सेमी कॉन्टैक्ट फाइट में स्वर्ण तथा इंडिविजुअल क्वांस में रजत पदक प्राप्त किया। इंडिविजुअल सेमी कॉन्टैक्ट फाइट में पहल अग्रवाल ने स्वर्ण और श्यामांश अग्रवाल ने रजत पदक अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त साहिल अंसारी और शिवांश प्रजापति ने प्रतियोगिता में भाग लेकर परचम लहराया। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा द्वारा मार्च माह में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली और मेधावी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन और आर्थिक सहयोग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।

'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।



**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।

**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।





कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्

गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।



भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1. वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2. तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3. एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

# वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच का छठ घाट में सरस्वती पूजन आज

**बिलासपुर।** पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच के तत्वाधान में छठ घाट में सरस्वती पूजन का आयोजन किया जा रहा है। 23 जनवरी को छठ घाट स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सरस्वती पूजन सुबह 8:30 बजे से शुरू होगी। पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच छठ घाट के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार दास ने बताया कि भजन कीर्तन सुबह 11 बजे से, भोग प्रसाद वितरण दोपहर 1:30 बजे से, संध्या आरती संध्या 7:00 बजे से, विसर्जन 24 जनवरी को सुबह 8 बजे पूजन हवन पश्चात घाट पर किया जाएगा।

### राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का जल्द पूरा करें काम : कमिश्नर



**बिलासपुर।** निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने आज राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने अधिकारियों और ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। विदित है कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का नवीनीकरण का काम जारी है,जिसमें अब तक मैदान समतलीकरण,पैवेलियन निर्माण,स्प्रिंकलर,मूर्ति और मैदान का विस्तार कर लिया गया है,शेष कार्य जिसमें पूरे स्टेडियम के रंग रोगन का कार्य चल रहा है। पेंटिंग समेत अन्य शेष कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश निगम कमिश्नर ने दिए ताकि खिलाड़ियों को जल्द से जल्द स्टेडियम की सुविधा मिल सकें। इससे पूर्व निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने व्यापार विहार स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटेरियम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर ने पूरे परिसर का जायजा लिया और उद्यान को स्वच्छ रखने तथा पेड़-पौधों की छंटाई के निर्देश दिए। इसके अलावा परिसर में दो वाशरूम भी बनाने के निर्देश दिए।

### नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति का बैसवारी फाग बसंत पंचमी से शुरू

**बिलासपुर।** नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति द्वारा बैसवारी फाग गायन बसंत पंचमी से माँ भगवती हरदेव लाल मन्दिर से प्रारंभ किया जा रहा है। लगातार 45 दिनों तक समाज के घर घर यह बैसवारी फाग का गायन किया जाता है। जिसमें समाज की नारी शक्ति भी बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रही है। इस दौरान झुमना गाना मंजीरा ढोल झांझ घुघरू और बैसवारी भजन फाग के माध्यम से समाज के लोगों के द्वारा गाया जाता है जो 45 दिनों तक अविरल सभी समाज के घरों में गाया जाता है। इसका समापन शीतला अष्टमी के दिन माँ भगवती हरदेव लाल मन्दिर में फाग गाकर किया जाता है। फाग के पश्चात पुन्ह होलिका दहन गाय के गोबर के बने बल्ले से किया जाता हैं। बिलासपुर में ब्राह्मण समाज के साथ-साथ कश्यप समाज भी इस फाग में बढ़ चढ़ के भाग लेते हैं। लाला कश्यप, मटरू कश्यप, सीताराम कश्यप, संकटा कश्यप, राम प्रसाद शुक्ला, राम चंद्र शुक्ला, कन्हैया शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, राम प्रसाद शुक्ला, उमाशंकर पांडेय, ठाकुर प्रसाद दीक्षित, बबन मिश्रा, शिव प्रसाद दीक्षित, राजा दीक्षित, भगवती पांडेय, अरविंद दीक्षित, प्रभात मिश्रा, मनोज शुक्ला, कृष्ण मोहन पांडेय, टिंकू दुबे, मंटो मिश्रा, संदीप बजपाई, विक्रांत तिवारी, टुटु मिश्रा, गोपाल मिश्रा, चंद्रप्रकाश बाजपाई, योगेश तिवारी, देवी शुक्ला, सूरज मिश्रा, रितेश, शिवा, राजेश, शरद, मनीष, जग्गू, पिंकू, अर्पित, स्वप्निल शुक्ला, मनोज तिवारी, राजीव अवस्थी, राजू मिश्रा, मुरली आदि लोगों इस परंपरा को निभा रहे हैं।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए दस्तावेज़ सत्यापन के वेबसाइट जारी

**बिलासपुर।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए संचालित राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन को लेकर राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आवेदनों के आधार पर 28 दिसंबर 2025 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसकी मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज़ सत्यापन वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची व कार्यक्रम विवरण **www.tribal.cg.gov.in** वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## पालिटिक्स प्लस

### अध्यक्ष बनने पर गर्ग का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** आज बिलासपुर में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गर्ग, ताज्जमुल हक़, वरिष्ठ नेताओं एवं ऊर्जावान कांग्रेस साथियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष गर्ग की अगुवाई में स्वागत दीपक बैज



**बिलासपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के शहर आगमन पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-1 के नव-नियुक्त अध्यक्ष संतोष गर्ग के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नेहरू चौक पर गाजे-बाजे, आतिशबाजी और नारों के बीच प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने क्रेन से विशाल माला पहनाकर दीपक बैज का सम्मान किया, उन्हें लड्डू से तौलकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संदेश दिया।

**एसआईआर दावा-आपत्ति** | गुरुवार आखिरी दिन बीएलओ के पास आवेदन देने वालों की रही भीड़

# आवेदनों की बौछार, नाम जोड़ने के लिए 20 हजार से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसआईआर तहत दावा-आपत्ति दौरान आवेदनों की बौछार हो गई है। मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए 20 हजार से अधिक लोगों के आवेदन आए हैं। एक माह तक चली दावा आपत्ति का गुरुवार को आखिरी दिन रहा, इसलिए अंतिम दिन आवेदन जमा करने वालों की बीएलओ के पास भीड़भाड़ रही।

एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन हो गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में बड़ी संख्या में विभिन्न कारणों से मतदाताओं के नाम कटे हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग ने दावा-आपत्ति के लिए 22 जनवरी तक की मोहलत दी है। इस बीच नाम कटे वाले मतदाताओं के नाम जोड़वाने आवेदनों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। एसआईआर तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को हुआ था और उसके बाद से निर्वाचन आयोग ने दावा आपत्ति के लिए 22 जनवरी तक तिथि निर्धारित की थी। दावा-आपत्ति दौरान जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कट गए हैं या संशोधन कराना है तथा नाम सूची से कटवाने के लिए निर्धारित प्रारूपों में आवेदन जमा करना था। दावा-आपत्ति लेने के लिए क्लस्टर में बीएलओ की डयूटी लगाई थी और एक माह तक यह दावा आपत्ति की प्रक्रिया चलती रही।

गुरुवार दावा आपत्ति का अंतिम दिन रहा इसलिए बीएलओ थोड़ा ज्यादा ही व्यस्त रहे और उनके पास आवेदन जमा करने वालों की भीड़ पहुंची थी। इस एक माह के भीतर दावा आपत्ति करने वाले टूट पड़े हैं और आखिरी दिन की स्थिति में 20 हजार से अधिक आवेदन केवल नाम जोड़वाने वालों के आए हैं। दावा आपत्ति का फाइनल आंकड़ा कल तक आएगा, जिससे आवेदनों की संख्या अभी और बढ़ने की संभावना है।

### 3 लाख से अधिक नाम कटे



एसआईआर में बिलासपुर जिले 6 विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 63 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनमें मृतक, शिफ्टिंग वाले तथा जिन लोगों ने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए नो मेपिंग वाले मतदाता शामिल हैं। नो-मेपिंग श्रेणी वालों को तो नोटिस देकर सुनवाई का अवसर दिया गया और उन्हें निर्धारित दस्तावेजों में कोई एक दस्तावेज जमा करने का अवसर प्रदान किया गया था। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदाताओं को जैसे-जैसे पता चलते जा रहा है वे अपना नाम पुनः मतदाता सूची में जोड़ने आवेदन देने लगे। दावा आपत्ति तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन लेने क्लस्टर में बीएलओ अलग-अलग जगहों पर बैठ रहे थे। दावा आपत्तियों के निराकरण एवं नए आवेदन वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

### प्रारंभिक प्रकाशन में 13 लाख 12 हजार 223 मतदाता

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर तहत 4 नवंबर से बीएलओ द्वारा डोर टू डोर मतदाताओं का सत्यापन कार्य शुरू किया गया था। बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाताओं के घरों-घर गणना फार्म वितरण किया गया, उसके बाद भरे हुए गणना फार्म को जमा कराया गया। इस बीच निर्वाचन आयोग की ओर से दो बार गणना फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाई गई, जिसमें अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक और बाद में 18 दिसंबर आखिरी तिथि निर्धारित की गई थी। सभी गणना फार्म के डिजिटाईजेशन के बाद आज सभी विधानसभा क्षेत्रों में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में मतदाता सूची के प्रारुप का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें जिले अंतर्गत बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा, तखतपुर, मस्तूरी व कोटा सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं।

सांसदों के साथ महाप्रबंधक और अन्य अफसरों की हुई बैठक

# कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन अब बनाएगा रेल मंत्रालय : तोखन




बैठक में चर्चा करते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।



बैठक में उपस्थित रेल अफसर सहित अन्य सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय राज्यमंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने कहा कि पहले कटघोरा से डोंगरगढ़ तक बनने वाली लाइन पीपीपी यानि पब्लिक प्रायवेट पाटनरशिप के तहत बनने वाली थी, जो किसी न किसी कारणवश नहीं बन सकी। अब इस लाइन को बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है, जिसके तहत रेल मंत्रालय से विशेष चर्चा की जाएगी ताकि यह लाइन बनाने के लिए रेल मंत्रालय से बजट मिल सके।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के साथ जोनल मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय आवास एवं शहरी राज्यमंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत सभी रेलवे के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन में भी काम किए जा रहे हैं, जिसके गुणवत्तापूर्वक और समयसीमा पर काम करने के संबध में चर्चा की गई, इसके अलावा रेल लाइन का विस्तार समय पर करने और यात्री सुविधाओं पर किसी तरह की कमी न की जाए। कुछ दिन पहले रेल हादसे में मरने और घायल हुए यात्रियों के संबंध में कहा कि इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसपर विशेष ध्यान रखने कहा गया। बड़ी सतर्कता से इस बात को ध्यान में रखने निर्देशित किया गया। इसकी विशेष जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई करने कहा गया है। श्री साहू ने बताया कि डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाइन बनाने के लिए रेल अफसरों से भी चर्चा की गई है और रेल मंत्रालय से सहयोग करने कहा गया है। अब यह कार्य रेल मंत्रालय की ओर से की जाएगी। सरगुजा के सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि पिछले बैठक में उठाए गए विषयों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही विश्रामपुर जैसे स्टेशनों पर ट्रेनों कें स्टापेज, प्लेटफार्म का विस्तार और यात्री सुविधाओं को लेकर नई मांगें रखी गई। जांजगीर चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि सक्ती क्षेत्र में वर्षो पुरानी ट्रेन स्टापेज की मांग पूरी हुई है। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सभी सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का फायदा रेलवे को अपनी सेवाओ को और बेहतर करने में मिलेगा।

उप महाप्रबंधक सामान्य ने रेलवे के कार्यो को प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें बिलासपुर डिवीजन में यात्री सुविधाओं से संबधित किए जा रहे आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों के क्षमता आवर्धन, दिव्यांगजन सुविधा, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट सहित अन्य कार्य शामिल थे। अंत में उप महाप्रबंधक सामान्य समीरकांत माथुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### केवल चार सांसद पहुंचे

रेल अफसर और बिलासपुर डिवीजन के सांसदों की बैठक में डिवीजन स्तर पर आने वाले क्षेत्रों के केवल चार सांसद ही पहुंचे। इसमें बिलासपुर के सांसद तोखन साहू के अलावा सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, जांजगीर-चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े, रायगढ़ के राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह शामिल थे। इसके अलावा कोरबा सांसद डॉ. ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधि हरीश परसाई, जे ओराम, सुंदरगढ़ के प्रतिनिधि प्रेमसागर उरांव, राधेश्याम राठिया, रायगढ़ के प्रतिनिधि नंदकिशोर डनसेना, श्रीमती हिमाद्री सिंह, शहडोल के प्रतिनिधि संतोष लोहानी, प्रदीप पुरोहित, बरगढ़ के प्रतिनिधि विकास अग्रवाल बैठक में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए पहुंचे थे।

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 से

**बिलासपुर।** तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 29 जनवरी से शासकीय इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार रायपुर में किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार बिलासपुर ने बताया कि इस मेले में शामिल होने के लिए बिलासपुर जिले युवा 31 जनवरी तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इसमें विभिन्न कंपनियों के करीब 1500 रिक्तियां हैं। इसमें तकनीक और गैर तकनीकी पद शामिल है। इच्छुक आवेदक इ- रोजगार सीजी इन पोर्टल में जाकर आन लाइन पंजीयन करा सकते हैं।

## बिजनेस प्लस

### बीएनआई व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 का शुभारंभ 29 से

**बिलासपुर।** बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 की शुरुआत 29 जनवरी से होगी। यह न केवल व्यापार जगत बल्कि पूरे समाज के लिए एक ऐतिहासिक मंच बनने जा रहा है। यह आयोजन केवल एक पारंपरिक मेला नहीं है, बल्कि यह व्यापार, नवाचार और मनोरंजन का एक ऐसा समग्र प्लेटफ़ॉर्म है, जहाँ हर वर्ग, हर आयु और हर सोच के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद रहेगा। इस मेले के माध्यम से बिलासपुर को राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त बिज़नेस और इवेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।




मेले को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह एक ओर गंभीर बिज़नेस नेटवर्किंग और उद्योग विस्तार का अवसर प्रदान करे, तो दूसरी ओर पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और अनुभवों से भरपूर माहौल भी बनाए। इस आयोजन में 3 से 4 लाख लोगों की शामिल होने की संभावना है। मेले में महिलाओं के लिए घरेलू उपयोग की आधुनिक वस्तुएँ, लाइफ़स्टाइल से जुड़े स्टॉल्स और विशेष कपल अवॉर्ड्स रखे गए हैं। युवाओं के लिए ग्लैमोरा इवेंट एन्ड कांटेस्ट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नवयुवकों और युवतियों के लिए मिस्टर एन्ड मिस, बिलासपुर, नवयुगलों अथवा 50 वर्ष से कम आयु के जोड़ों के लिए ग्लैमोरा परफेक्ट कपल और 50 वर्ष से अधिक आयु वाले जोड़ों के लिए ग्लमौरा रॉयल कपल जैसे टाइटल दिए जाएंगे, जो प्रतियोगिता के आधार पर होंगे। ग्लैमोरा में 50 ऐसे जोड़ों का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने अपने विवाह के 50 साल पूरे किए हों । इसके साथ ही बिलासपुर गॉट टैलेंट, मास्टर शेफ, मेकअप और वॉइस ऑफ़ बिलासपुर, का भी आयोजन होगा जिसमें शहर के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उद्यमियों और स्टार्ट-अप्स के लिए शार्क टैंक ऑफ़ बिलासपुर एक विशेष आकर्षण होगा। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए गोल्डन कपल ऑफ़ ऑल टाइम और लाइफ़टाइम कॉन्ट्रिब्यूशन अवॉर्ड जैसे सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। ई-व्हीकल क्षेत्र में एथर और ओला जैसे ब्रांड्स भविष्य की मोबिलिटी का अनुभव कराएंगे।

रियल एस्टेट सेक्टर में प्रमुख बिल्डर्स के स्टॉल्स होंगे, जहाँ लोग अपने सपनों का प्लॉट, अपार्टमेंट, दुकान या शोरूम चुन सकेंगे। इसके साथ ही एजुकेशन सेक्टर में टॉप कोचिंग संस्थान, स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय भी मौजूद रहेंगे, जो शिक्षा के नए अवसरों से परिचित कराएंगे। बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेले के दौरान नाइसटेक संस्था के सहयोग से निशुल्क रोज़गार मेला भी आयोजित किया जाएगा।

### श्री शिवम में 4 दिवसीय रिपब्लिक डे मेगा ऑफर का शुभारंभ

**बिलासपुर।** भरोसेमंद फैमिली फैशन स्टोर श्री शिवम द्वारा ग्राहकों के लिए 4 दिवसीय रिपब्लिक डे मेगा ऑफर का भव्य शुभारंभ 23 जनवरी को किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक सभी स्टोर्स पर लागू रहेगा, जिसके अंतर्गत ग्राहकों को फैशन की हर श्रेणी में रिकॉर्ड तोड़ छूट का लाभ मिलेगा। इस विशेष अवसर पर देश के नामी-गिरामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की छूट, कई कैटेगरी में 50 प्रतिशत तक, तथा चुनिंदा उत्पादों पर 40 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जा रही है। गणतंत्र दिवस के रंगों से सजे स्टोर्स में खरीदारी का अनुभव ग्राहकों के लिए और भी खास व यादगार रहेगा। रिपब्लिक डे मेगा ऑफर के अंतर्गत साड़ी, कुर्ती, लहंगा, ईवनिंग गाउन, इंडो-वेस्टर्न, रेडीमेड सूट्स, किड्स वियर और मेंस वियर सहित फैमिली फैशन की लगभग सभी रेंज उपलब्ध हैं। युवाओं से लेकर बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक, हर वर्ग के लिए ट्रेंडी और प्रीमियम कलेक्शन एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया गया है। श्री शिवम प्रबंधन के अनुसार यह ऑफर खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो ब्रांडेड फैशन, बेहतरीन गुणवत्ता और किफायती कीमत की तलाश में रहते हैं। गणतंत्र दिवस पर ग्राहकों को देशभक्ति के माहौल में शानदार और लाभदायक खरीदारी का अवसर मिलेगा।



## एजुकेशन प्लस

### चौकसे ग्रुप ने उद्योग-शिक्षा संस्थाओं से किया एमओयू

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ने उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, उद्योग-संस्थान सहयोग तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तीन प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ 6 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत प्राइमर क्रेटिव कैंपस, एरीना एनीमेशन एवं पीनैकल इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नालाजी ने चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज तथा चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के साथ शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग स्थापित किया है।

इस एमओयू का प्रमुख उद्देश्य छात्रों एवं स्टाफ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। समझौतों के माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप, लाइव इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री विजिट, विशेषज्ञ व्याख्यान, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, सर्टिफिकेशन कोर्स, तथा करियर ओरिएंटेड ट्रेनिंग के अवसर प्राप्त होंगे। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस प्रबंधन का मानना है कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार, व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री रेडीनेस भी अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के तहत संस्थान उद्योग जगत का स्वागत करता है, ताकि छात्रों और स्टाफ को वास्तविक कार्य वातावरण से जोड़कर उनके करियर ग्रोथ, रोजगार क्षमता और उद्यमिता कौशल को सशक्त बनाया जा सके। यह सहयोग छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ क्षेत्र के शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के अवसर पर चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष जायसवाल, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नितिन जैन, चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के प्राचार्य डॉ. मंतोष सिन्हा तथा प्रो. विनोद खरसन, डायरेक्टर संदीप गुप्ता, डायरेक्टर सुश्री सईदा वनक आदि मौजूद रहे।



### जेके ग्रुप में 'आवहन 2 के 25' का भव्य शुभारंभ



**बिलासपुर।** आज जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आवहन 2के 25' का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत 22 जनवरी को जेके इंजीनयरिंग कॉलेज में आरंभ की गई। ग्राउंड में आयोजित स्वागत संबोधन के दौरान अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजित कॉलेज सूचना सत्र में संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक आधारभूत संरचना, नवाचारों तथा संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी साझा की गई। यह सत्र विशेष रूप से नवागंतुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ। उद्घाटन समारोह का प्रमुख आकर्षण मार्च पास्ट रहा, जिसमें विभिन्न टीमों ने अनुशासन, समन्वय और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की सटीक चाल और जोश ने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन के. खान ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम वर्क की भावना का विकास होता है। सचिव डा. आईए खान ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर, जेके ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस डा. आशीष सिंह ने आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजक टीम, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में प्रस्तुत की गई। आगामी दिनों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### एयू कार्य परिषद शिकायत निवारण समिति बनाएगी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को कार्य परिषद की बैठक हुई जिसमें यूनिवर्सिटी में शिकायत निवारण समिति गठन का निर्णय लिया गया है। इसी तरह यूनिवर्सिटी में कुलपति व रजिस्ट्रार बंगला का निर्माण तथा लंबे समय से स्वास्थ्यगत कारणों से अवकाश पर चल रहे डिप्टी रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे के अवकाश को लेकर भी चर्चा हुई।

अटल यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक ने यूनिवर्सिटी में एक शिकायत निवारण समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यूनिवर्सिटी के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई भी शिकायत होगी तो उसकी जांच शिकायत निवारण समिति से कराया जाएगा। यूनिवर्सिटी के किसी भी अधिकारी के खिलाफ एक ही शिकायत को यूनिवर्सिटी प्रशासन से लेकर राज्य शासन, राजभवन सहित कई जगहों पर किया जाता है। इसलिए यूनिवर्सिटी ने ऐसे शिकायतों के संबंध में एक समिति बनाने का निर्णय लिया है जो शिकायत करने वाला कौन है, शिकायत क्या है उसके तथ्य क्या है आदि बातों को लेते हुए जांच कर शिकायतों का निराकरण करेगी। क्योंकि जहां-जहां शिकायत होती है वह सब यूनिवर्सिटी के पास जांच के लिए भेजा जाता है। इसके अलावा कार्य परिषद में कुलपति और रजिस्ट्रार के लिए बंगला निर्माण और निर्माण कार्यो को शीघ्र शुरू कराए जाने पर भी चर्चा हुई। कार्य परिषद में डिप्टी रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे का अवकाश प्रकरण विचारार्थ रखा गया था। डिप्टी रजिस्ट्रार श्री दुबे स्वास्थ्यगत कारणों से लंबे समय से अवकाश पर चल रहे हैं।

### सबस्टेशन में मेंटनेंस 3 घंटें बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** पीजीबीटी सबस्टेशन में मरम्मत और निर्माण कार्य के लिए सुबह 11 बजे से बिजली बंद रही। करीब 3 घंटे तक इलाके की सप्लाई ठप रही। गुरूवार को पीजीबीटी सबस्टेशन से निकले वाले सभी फीडर 3 घंटे के लिए बंद रही। इस दौरान बसस्टेंड, गोलबाजार, इंदिरा चौक और लिंक रोड फीडर में सप्लाई प्रभावित रही। ट्रांसफार्मर और लाइनों को दुरूस्त करने के लिए बिजली बंद की गई थी। जिससे तारबहार, पुराना बसस्टैंड, वीआईपी कालोनी, इंदिरा कालोनी आदि जगहों पर बिजली बंद रही।

## नवधा रामायण का शुभारंभ

**मल्हार।** नवोदित रामायण मंडली की ओर से इस वर्ष भी इमलीपारा चौक पर अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ बसंती पंचमी से होने जा रहा है। 23 जनवरी से 2 फरवरी तक अयोजित इस रामायण पाठ में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से रामायण मंडलियां भगवान राम का गुणगान करेंगी।

## निधन

### हेमंत वर्मा



**बिलासपुर।** जूनी लाइन निवासी हेमंत वर्मा का स्वर्गवास 22 जनवरी हो गया। वे 68 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. आयुषी वर्मा के पिता तथा आलोक वर्मा के भाई थे।

### राम कुमार सिन्हा



**बिलासपुर।** नेहरू नगर निवासी राम कुमार सिन्हा का 22 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जनवरी को दोपहर 2 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अनुराग सिन्हा व अभिषेक सिन्हा के पिता एवं डॉ विजय सिन्हा व अजय सिन्हा के भाई थे।

### मंदाकिनी बाई ठाकुर



**तखतपुर।** बरेला निवासी मंदाकिनी बाई ठाकुर का 86 वर्ष की उम्र में गुरुवार 22 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार काशी उप्र में किया जाएगा। वे राजू ठाकुर एवं पूरन सिंह की मां थीं।

### सुल्ताना बाई कश्यप



**तखतपुर।** बटहा निवासी सुल्ताना बाई कश्यप का 101 वर्ष की उम्र में गुरुवार 22 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बटहा में किया गया। वे बद्री कश्यप की बड़ी मां, छत्रपाल कश्यप, केशव कश्यप की बड़ी दादी एवं डीएमसी समग्र शिक्षा अशोक कश्यप की सास थीं।

### पंडित नरेन्द्र नाथ शर्मा



**रतनपुर।** बनियापारा निवासी नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व प्रथम रतनपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित नरेन्द्र नाथ शर्मा का 85 वर्ष की आयु में गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिकमा तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे आशीष शर्मा, मनीष शर्मा व हर्ष देव शर्मा के पिता थे।

### सुदामा विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** सरकंडा बंधवापारा निवासी श्रीमती सुदामा विश्वकर्मा का 22 जनवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 23 जनवरी को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम किया जाएगा। वे सुरेश विश्वकर्मा की पत्नी वा राकेश विश्वकर्मा, लक्ष्मी व माया की मां थीं।

### 11 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री

# जीवन में संतुलन और आध्यात्मिक चेतना का विकास करते हैं वैदिक अनुष्ठानः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने जिला मुंगेली के ग्राम झलियालपुर में भगवान शिव की कृपा प्राप्ति हेतु आयोजित 11 कुण्डीय श्री रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा में सहभागिता की। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 कुण्डों में विधिवत आहुतियों का समर्पण किया गया तथा शिव महापुराण कथा के माध्यम से भगवान शिव के दिव्य स्वरूप, लीलाओं एवं उपदेशों का भावपूर्ण श्रवण किया गया।

इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि रूद्र महायज्ञ एवं रूद्राभिषेक को सनातन परंपरा में विशेष महत्व प्राप्त है। रूद्राभिषेक भगवान शिव को प्रसन्न करने का अत्यंत प्रभावशाली साधन माना जाता है, जिससे वातावरण की शुद्धि, मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा का संचार तथा लोककल्याण की भावना सुदृढ़ होती है। ऐसे वैदिक अनुष्ठान न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और आध्यात्मिक चेतना का विकास करते हैं, बल्कि समाज में सद्भाव, संस्कार और सामूहिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शिव महापुराण कथा का श्रवण जीवन को ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करता है तथा मानव को कर्तव्य, करुणा और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए भगवान शिव से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। पावन आयोजन में क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।



कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय राज्य मंत्री।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होंगे तोखन

**पथरिया।** स्वर्गीय बिरेंद्र कुमार पात्रे की स्मृति में ग्राम पंचायत बरछा में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला बीरगांव महाकाल 11 एवं तखतपुर ईगल बॉय के बीच खेला गया, जिसमें बीरगांव महाकाल 11 ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्काई 11 बरछा एवं बगबुडवा के बीच खेला गया, जिसमें स्काई 11 बरछा ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। उक्त जानकारी क्रिकेट प्रतियोगिता के संयोजक एवम भाजपा नेता बादल पात्रे ने दी।



## जयराम नगर में फिर से यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग

■ विधायक लहरिया ने रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

**मस्तूरी।** समग्र विकास और आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विधायक दिलीप लहरिया की ओर से लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। एक ओर जहां रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के ठहराव को फिर से प्रारंभ कराने के लिए उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के समक्ष मजबूती से मांग रखी है, वहीं दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 43 अंतर्गत रेलवे परिसीमा में आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु भी औपचारिक प्रस्ताव भेजा गया है।

उन्होंने जयराम नगर रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के ठहराव को पुनः प्रारंभ कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल रेल प्रबंधक के समक्ष मजबूती से अपनी बात रखी है। विधायक दिलीप लहरिया ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि, पूर्व में जयराम नगर स्टेशन पर कई यात्री ट्रेनों का ठहराव होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों, शासकीय कर्मचारियों एवं मरीजों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलती थी। ठहराव बंद होने के बाद यात्रियों को जिला एवं संभाग मुख्यालय तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ रहा है। विधायक दिलीप लहरिया ने वार्ड क्रमांक 43 बंशीलाल धृतलहरे नगर क्षेत्र में रेलवे परिसीमा अंतर्गत आवश्यक निर्माण कार्यों की स्वीकृति हेतु भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है। प्रस्ताव के अनुसार साहिल खान के घर से कचरा संग्रहण केंद्र तक लगभग 300 मीटर आरसीसी सड़क निर्माण तथा साहिल खान के घर से बुटापारा एनीकट तक लगभग 800 मीटर सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य की मांग की गई है। रेलवे परिसीमा के कारण लंबे समय से विकास कार्य लंबित थे, जिन्हें अब स्वीकृति दिलाने हेतु विधायक द्वारा ठोस प्रयास किया गया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतोष दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद जायसवाल भी मौजूद रहे। विधायक की पहल से क्षेत्र में रेल सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं बुनियादी ढांचे के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जगी है।



## एनसीपी का जनसंपर्क व सम्मेलन संपन्न

**बिलासपुर।** कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अमामुड़ा, खैरझिटी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा जनसंपर्क एवं जनसंवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 150 आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लिखित रूप में प्रस्तुत किया, जिन्हें पार्टी पदाधिकारियों द्वारा गंभीरता से नोट किया गया। साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम की समस्याओं का मौके पर निरीक्षण (मुआयना) भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस जनसंवाद के ज़रिये उनकी जनकेंद्रित विचारधारा और संगठनात्मक दृष्टि को आम जनता तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की नीतियों और जनहित की सोच से प्रभावित होकर कई ग्रामीणों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच पवन बैगा, ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्राम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एनसीपी की ओर से संभागीय अध्यक्ष मुकुंद करकट्टा, ब्लॉक अध्यक्ष रिवोल्यूशन मिंज, ब्लॉक यूथ अध्यक्ष रैपाल सिंह पैकरा उपस्थित रहे।

### उद्घाटन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे शामिल

## कोटा में शहीद वीर नारायण सिंह अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**करगीरोड कोटा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक वीर नारायण सिंह की स्मृति में शहीद वीर नारायण सिंह अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) का आयोजन 23 से 25 जनवरी तक जेकेपी ग्राउंड, उमा शाला परिसर में किया जाएगा।

इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई पुरुष वर्ग की 17 टीमें एवं महिला वर्ग की 11 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 23 जनवरी को शाम 4 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, विधायक चन्द्रपुर रामकुमार यादव, जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, सुधांशु मिश्रा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव करेंगे। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक करमा नृत्य, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रतियोगिता की औपचारिक



घोषणा की जाएगी। प्रतियोगिता का समापन 25 जनवरी को सायं 4 बजे होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि तुलेश्वर मरकाम विधायक पाली तानाखार होंगे। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति में मुख्य संरक्षक कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, अध्यक्ष आदित्य दीक्षित एवं समिति के प्रमुख सदस्य अरुण त्रिवेदी, सुभाष अग्रवाल, अश्वनी उद्देश, पंकज तिवारी, संजीव गुप्ता, लड्डू महाराज, संतोष मिश्रा, कुलवंत सिंह ठाकुर, प्रकाश जायसवाल, फूलचंद अग्रवाल, आकाश जायसवाल, कमल कश्यप, दिलीप श्रीवास्तव, देवेंद्र कौशिक, जाब्बार खान, सुरेश सिंह चौहान, राजू सिदार, वीणा मसीह, अली कश्यप, चितराम ध्रुव, चोलाराम नायक, रिंकू ठाकुर, भरत पटेल, चरित यादव, बाबा सोनी, श्रवण निर्मलकर, शिवानंद पाण्डेय, शिवदयाल निर्मलकर (लाला), मनोज बाजपेयी, सचिन साहू यासीन खान, शिवदत्त पाण्डेय, परमेश्वर मिरी, अनिल मसीह, अशोक अनंत, शैलेष गुप्ता, बबलू अहिरवार, संतोष बघेल,चीता राम ध्रुव परमेश्वर मिरी, वसंत यादव, अलीबाबा कश्यप सहित अनेक खेलप्रेमी व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## सचिव की नियुक्ति नहीं होने से पंचायत का विकास कार्य ठप



■ जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर लगाई कलेक्टर से लगाई गुहार

**मल्हार।** ग्राम पंचायत ओखर में पिछले कई महीनों से सचिव का पद रिक्त होने के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। इस समस्या को लेकर सरपंच ललिता लक्ष्मी प्रसाद यादव ने पंचों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर बिलासपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि, 13 अगस्त 2025 से पंचायत में कोई सचिव नियुक्त नहीं किया गया है। सचिव न होने की वजह से पंचायत के प्रशासनिक कार्य, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और ग्रामीणों के दस्तावेज संबंधी काम पूरी तरह रुक गए हैं। सरपंच ने बताया कि, इस संबंध में पहले भी कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि, सचिव की अनुपस्थिति के कारण गांव में बुनियादी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, और विकास की गति शून्य हो गई है। प्रतिनिधियों ने प्रशासन से सवाल किया है कि, आखिर किन कारणों से अब तक यहां सचिव की नियुक्ति नहीं की जा रही है। अब देखना होगा कि, जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर कब तक ओखर पंचायत को नया सचिव प्रदान करता है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण हो सके। प्रशासन की अनसुनी से परेशान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस बार कड़े शब्दों में यह अवगत कराया है कि, जल्द से जल्द पंचायत में सचिव की नियुक्ति नहीं होती है, तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

## लॉज सील होने के बाद दबाव बनाने की कोशिश, वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**रतनपुर।** महामाया पारा स्थित राम दरबार अतिथि निवास (होम स्टे) में लंबे समय से गलत ढंग से लॉज संचालन किए जाने की शिकायतें नगरवासियों द्वारा की जा रही थीं। मोहल्लेवासियों की लगातार आपत्तियों और शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने 9 जनवरी को तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं नगर पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में उक्त लॉज की जांच कर सील की कार्रवाई की थी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त लॉज धार्मिक एवं रिहायशी क्षेत्र में शासन के नियमों के विरुद्ध संचालित किया जा रहा था, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। कार्रवाई के बाद अब लॉज संचालक द्वारा सील खुलवाने के लिए अनशन, आरोप-प्रत्यारोप और दबाव की राजनीति अपनाई जा रही है। इसी को लेकर वार्ड क्रमांक 3 के निवासी एवं वार्ड पार्षद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नगरवासी नगर पालिका परिषद रतनपुर पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लॉज संचालक द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं और सच्चाई को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त अतिथि निवास में आपत्तिजनक एवं असामाजिक गतिविधियां संचालित की



जा रही थीं, जिससे महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ था। नगरवासियों ने मांग की है कि लॉज को पुनः खोलने की अनुमति न दी जाए और संचालक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। वार्ड पार्षद एवं निवासियों ने कहा कि यह क्षेत्र धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है और इस प्रकार की गतिविधियां किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकतीं। यदि प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो मोहल्लेवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कुर्मी समाज के सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास



**बोदरी।** ग्राम दगोरी में कुर्मी समाज के सामाजिक सांस्कृतिक मंच का शिलान्यास अधिवक्ता विशम्भर प्रसाद कौशिक ने श्रीफल तोड़ कर किया। साथ ही उन्होंने सांस्कृतिक मंच के निर्माण हेतु 1 लाख रुपए की सहयोग राशि राशि प्रदान की। इस दौरान मुख्य रूप से बलदाऊ प्रसाद कौशिक, डॉ दशरथ सन्नाड, मनहरण कौशिक, महेत्तर कौशिक, सुजीत सिंह सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 15.01.2026
ग्राम तालापारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मोहम्मद इमरान पिता/पति नूर मुहम्मद निवासी ग्राम नासिर बाड़ा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा शिशु/मृतक/मृतिका मोहम्मद इमरान के जन्म/ मृत्यु दिनांक 07.06.1994 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30.01.2026 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांका 15.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..... ग्राम रानीडेरा
प.ह.नं.03

एतद् द्वारा ग्राम रानीडेरा प.ह.नं.03 रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर श्रीवास पिता राधेलाल जाति नाई निवासी रानीडेरा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा पूर्व में अपनी माता कपूरा बाई पति राधेलाल की मृत्यु दिनांक 20/11/2020 को ग्राम रानीडेरा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 27/1/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6/2025-26,
ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जलेश्वरी गेंदले उम्र 42 वर्ष पति श्री दिनेश्वर गेंदले, निवासी पथरिया, तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47 स्थित वाद भूमि खसरा नं. 1079/3 रकबा 925 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत बैनामा रजिस्ट्री दिनाक 03.01.2024 को विक्रेता अब्दुल हमीद पिता स्व. अब्दुल रशीद उम्र 47 वर्ष निवासी भारतीय नगर बिलासपुर से क्रय करने के कारण अंतर्गत धारा 109,110 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना दावा आपत्ति दिनांक 06/2/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार
सकरी**

**समक्ष: नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं संजय कुमार मिश्रा पिता माधवाचार्य मिश्रा उम्र 59 वर्ष निवासी-नया सरकण्डा जबड़ापारा, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, मेरी पुत्री लीपिका मिश्रा के 10वीं के अंकसूची में पिता का नाम संजय कुमार मिश्रा के स्थान पर त्रुटिवश संजय मिश्रा दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक नाम संजय कुमार मिश्रा दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि, संजय कुमार मिश्रा एवं संजय मिश्रा दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।
4. यह कि, यह शपथ पत्र मैं पासपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

शपथकर्ता- संजय कुमार मिश्रा

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजनान्तर्गत, झल्फा बिल्हा जिला-बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक 43, मूल आबंटी श्रीमती सुनीता बाई यादव पति श्री भागीरथी यादव, को आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 07.01.2016 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 08.01.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अजय कुमार पाटिल पिता श्री रामजी पाटिल, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर**

**आम सूचना**

मैं अपने मुवक्किल अफजाल अहमद पिता स्व. सुल्तान अहमद उम्र 51 वर्ष निवासी मसानगंज मस्जिद के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत व नियुक्त होकर उसके कहे व बताये अनुसार निम्न आशय का आम सूचना का प्रकाशन करवाता हूँ कि संबंधित पक्षकार श्रीमती रेणु जोगी पति स्व. अजीत प्रमोद जोगी निवासी जी.पी.एम. छ.ग. एवं आम जनता वित्तीय एवं शासकीय संस्थायें एवं लोग अवगत होवें कि मेरे मुवक्किल के द्वारा मौजा तालापारा प.ह.नं.-22/39 एवं मौजा तिफरा प.ह.नं.-40, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर मे स्थित भूमि खसरा नंबर 643/38 रकबा 0.0360 हे. एवं 643/39 रकबा 0.0300 हे. एवं खसरा नंबर 144/6 रकबा 0.0490 हे. एवं खसरा नंबर 144/5 रकबा 0.0257 हे. में से बचत भूमि जिसका कुल रकबा/ क्षेत्रफल 11772 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का लिखित अनुबंध पत्र दिनांक 13/02/2025 को समक्ष गवाहान कर लिया है तथा उक्त संपत्ति का अनुबंध अनुसार सीमांकन के उपरांत रजिस्ट्री किया जाना है तथा उक्त संपत्ति को रजिस्ट्री निकट भविष्य मे प्रस्तावित है यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय को उपरोक्त खसरा रकबा की संपत्ति के विक्रय पत्र के निष्पादन मे आपत्ति है तो वह लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर पेश करें, अन्यथा 15 दिवस के उपरांत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा की गई आपत्ति अवैध, विधि विपरीत एवं शून्य मानी जावेगी। सो आम सूचना जानें।

दिनांक-22/01/2026

**भवदीय
अमर सूर्यवंशी अधिवक्ता
मंझवापारा जरहाभाठा बिलासपुर छ.ग.**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनांक 13.01.2026

श्री करण कुमार आत्मज श्री गंगाराम अंचल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम थेम्हापार पो. टिकारी थाना एवं तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी पूर्णिमा चौहान आत्मजा श्री बिहारी लाल चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम थेम्हापार पो. टिकारी थाना एवं तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 16.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



करण कुमार



पूर्णिमा चौहान

**विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)**

**Public Notice**

This is to inform general public that Yash Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal R/o Bilaspur, Dist. Bilaspur is having ownership over the Diverted Land Plot no 01, Sheet no 44, Khasra No. 729/2, 730/2, 730/4, 731, Area 0.158, 0.182, 0.170, 0.073 hec. Total area 0.583 hec situated at Mouza Bahurta, P.C.No. 11, R.N.M Belpan, Tehsil Takhatpur, Distt. Bilaspur (C.G.) and Yash Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal wants to avail loan facility from AU Small Finance Bank Ltd

Yash Agrawal S/o Mohan Lal Agrawal has purchased the property from seller Sushila Devi Bansal W/o Late Omprakash Bansal dte04.11.2025

Sushila Devi Bansal W/o Late Omprakash Bansal has purchased the property from Vaibhav Bansal S/o Rishi Kumar Bansal, Pankaj Sachdev S/o Rakesh Sachdev, Harsh Sachdev S/oSunil Sachdev dtd. 10.05.2024

Vaibhav Bansal S/o Rishi Kumar Bansal, Pankaj Sachdev S/o Rakesh Sachdev, Harsh Sachdev S/oSunil Sachdev has purchased property from Mohan Agrawal S/o Mulchand Agrawal, Mahesh Agrawal S/o Govind Agrawal dtd. 06.12.2022

Mohan Agrawal S/o Mulchand Agrawal, Mahesh Agrawal S/o Govind Agrawal purchased the property from the seller Bhujbal Yadav S/o Chhotu Yadav dtd 05.03.2008

As previous sale deed dtd. 06.12.2022 and Sale Deed dtd 05.03.2008 has been lost

This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void

**Regards
Advocate D.K.Bajaj
7024053415**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तह व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: सूचना :-**

क्र/Q/तह./ रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 19/01/2026

प्रति,

1. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व. सुखदेव सिंह. 2 निलाभ सरकार 3. निताभ सरकार 4. संतोष वर्मा 5. विष्णु दास 6. ममता साहू 7. शिवकुमारी मानिकपुरी 8. लाला साहू 9. नीता शर्मा 10. प्रिती मिश्रा 11. ऋषी दुबे 12 हेमचंद ठाकुर 3. देवनंदन प्रसाद साव 14. शंभूराव सिंदे 15. दीपक जायसवाल 16. सुकदेव प्रसाद साव 17. प्रफूल शर्मा 18. अशोक अग्रवाल 19. सुधा ठाकुर 20.विनोद शरण साव 21.अनुप कुमार साव 22. निलीमा सरकार

विषय- सीमांकन के समय उपस्थित होने बावत्।

संदर्भ - न्यायालय तहसीलदार / अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / तह0/रीडर/202 बिलासपुर, दिनांक 19/09/2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र सिंह पिता स्व. सुखदेव सिंह निवासी सरकण्डा द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम सरकण्डा प.ह.न. 32. रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 369/1, 369/2, 370, 436/7 कुल रकबा 0.4940 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 27/01/26 को दोपहर समय 01:00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर - 9630030510

**राजस्व निरीक्षक
सरकण्डा, तहसील बिलासपुर**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### विक्रम बने जपं सीईओ ग्रहण किया पदभार



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली में नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में विक्रम सिंह ठाकुर ने पदभार ग्रहण कर कामकाम शुरू किया। पूर्व में वे लोरमी जनपद पंचायत में विकास विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री ठाकुर ने बताया कि, वे शासन की फ्लेगिशप योजनाओं को ध्यान में रखकर आवास योजना पर ध्यान दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा कर पंचायतों का दौरा कर रहे है।

### योगेश ने ग्रहण किया जिला खनिज अधिकारी का पदभार



**मुंगेली।** जिला खनिज अधिकारी के पद पर योगेश साहू ने पदभार ग्रहण किया शुरू किया। पूर्व में वे कवर्धा जिला खनिज अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। श्री साहू ने बताया कि, वे क्षेत्र का दौरा कर एवं अवैध रूप से खनिज का उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

### किसान के बेटे कुलदीप का सीआरपीएफ में चयन



**मुंगेली।** गैलूगांव के एक किसान के बेटे का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है, और इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। घनश्याम प्रसाद यादव के पुत्र कुलदीप यादव ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह सफलता हासिल की है। कुलदीप यादव ने कहा कि इसका श्रेय में माता–पिता और मेरे बड़े भाई दीपक यादव को जाता है, जिन्होंने मेरे मनोबल को बढ़ाया और मुझे साहस दिया।

### डीएवी स्कूल के छात्र हिमांशु का बीएसएफ में चयन



**मस्तूरी।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा के पूर्व छात्र हिमांशु साहू का चयन अर्धसैनिक बल सीमा सुरक्षा बल में हुआ है। ग्राम मस्तूरी निवासी हिमांशु साहू, पिता हेतराम साहू एवं माता श्रीमती मिथलेश साहू ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल वेद परसदा से शिक्षा प्राप्त की थी। यह उपलब्धि उनके सतत परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना का सशक्त प्रमाण है, साथ ही विद्यालय द्वारा प्रदान की गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का प्रतिफल भी है।

### डीईओ ने किया झिटकनिया के स्कूलों का निरीक्षण



**मुंगेली।** जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने मुंगेली विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला झिटकनिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि, निरीक्षण में यू दिवाकर, एलएस बघेल, जेके देवांगन, एस दिवाकर और आरके दिवाकर सहित 5 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इस पर सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### टायर फटने से गड्ढे में जा गिरा गैस सिलेंडर से भरा पिकअप



**तखतपुर।** गैस सिलेंडर से भरे पिकअप का टायर फटने से कोई बड़ी अनहोनी होते-होते रह गई। गैस सिलेंडर से भरा पिकअप वाहन बिलासपुर से तखतपुर के जा रहा था। रास्ते में जरौंधा के पास पहुंचते ही पिकअप की टायर फट गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर गढ्ढे में जा गिरा। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गैस सिलेंडर से भरे से कोई अन्य वाहन टकराता, तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### आगर नदी के आरती गीत का विमोचन



**मुंगेली।** नगर की जीवन दायिनी आगर नदी की आरती गीत का विमोचन समारोह आयोजित कर किया गया। इस रचना के लिए सुभाष चन्द्र दीक्षित को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। मां आगर नदी की महाआरती में उक्त गीत का संगीत के साथ सामूहिक गायन कर आंनद पूर्वक उत्सव मनाया गया। सुभाष चन्द्र दीक्षित द्वारा रचित इस आरती गीत में आगर नदी की महिमा पर प्रकाश डाला गया है। आयोजन में शीला जायसवाल, पुहूप राम साहू, रमेश कुलमित्र, शेषपाल बैस, प्रकाश सतवानी, गोपाल साहू, रवि साहू, शिवकुमार राजपूत, जयप्रकाश साहू एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## अंचल में हुए विविध आयोजन, रामभक्तों में दिखा उत्साह

# श्रीराम मंदिर स्थापना की वर्षगांठ पर भंडारा व गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना की तृतीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे शहर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण व्याप्त है। इसी क्रम में शहर के दाऊपारा चौक, पुराना बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर भंडारा एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह और चहल–पहल बनी रही। वहीं श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता देखने को मिली।

दाऊपारा में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हीरालाल वार्ड के पार्षद एवं आयोजनकर्ता निमेश देवांगन ने बताया कि, आयोजन स्थल को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप दिया गया, जहां भगवा ध्वज, पुष्प सज्जा, रंगीन लाइटिंग और भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे परिसर में राम नाम की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भंडारे में सभी के लिए प्रसादी की उत्तम व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति दद्वारा स्वच्छता, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ–साथ यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई। सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिससे



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रीराम स्वीट्स एवं डेयरी का विधिवत पूजन-अर्चन के साथ भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में देवांगन समाज जिला अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता, नगर अध्यक्ष सौरभ बाजपेई, प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, युवा टीम अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, सचिव सुदामा देवांगन, सहसचिव जगदीश देवांगन, अनिल देवांगन, नितिन देवांगन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### भगवान राम की पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण

तखतपुर। आयोध्या में भगवान राम मंदिर की स्थापना की दो वर्ष पूरे होने पर जनकपुर में बच्चों ने भगवान की राम की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। साथ ही जनकपुर रोड स्थित मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें आशुतोष द्विवेदी, विष्णु अग्रहरि, मनोज अग्रवाल, अनिरूद्ध द्विवेदी, अर्थव द्विवेदी, अर्चित द्विवेदी, आराध्या द्विवेदी, श्यामचंद्र रजक, आजू राम सिंगरौल सहित अन्य शामिल रहे।

### सीपत में निकला जुलूस



सीपत। राम मंदिर स्थापना दिवस पर बस स्टैंड प्रभात फेरी समूह सीपत के तत्वावधान में गुरुवार की सुबह भक्ति, आस्था और उत्साह से ओत-प्रोत भव्य जुलूस निकाला गया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना दिया। जुलूस की शुरुआत नर्मदेश्वर महादेव मंदिर बस स्टैंड से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभात फेरी के दौरान रामभक्तों ने हाथों में भगवा ध्वज और भगवान श्रीराम की जयघोष लिखी तख्तियां लेकर नगर भ्रमण किया। जय श्रीराम, राम लला हम आए हैं जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ निकले जुलूस ने आमजन को भी भावविभोर कर दिया।

### कलश यात्रा व झांकी में जुटे श्रद्धालु



मस्तूरी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहर्सी में भगवान श्रीराम का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में धार्मिक आयोजन कर भव्य कलश यात्रा एवं झांकी निकाली गई, जिसमें हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश लेकर पूरे गांव में भ्रमण करती रहीं। तत्पश्चात तिराईन तालाब में भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई, जहां नावपर भी आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। साथ ही भगवान श्रीराम की भव्य झांकी को रथ गाड़ी में सवार कर गांव में रथ यात्रा निकाली गई। रथ के आगे-आगे हजारों की संख्या में महिला-बालिका पुरुष, बच्चे और श्रद्धालु शामिल रहे जिनके जय श्रीराम के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। इस आयोजन में गांव के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए और भगवान श्रीराम स्थापना दिवस को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया।

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर कलश यात्रा, रामायण पाठ का आयोजन



**सीपत।** ग्राम मुड़पार में गुरुवार को भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अनुशासित कतार में कलश यात्रा में भाग लिया। इसी क्रम में मौवारपारा में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन स्थल पर निरंतर रामचरितमानस का पाठ होता रहा, जिससे आसपास का क्षेत्र भक्तिरस में डूबा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस नेता वीरेंद्र शर्मा ने अपने कहा कि, भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का प्रतीक है। वहीं ग्राम सरपंच दिलीप कुमार मन्नेवार ने कहा कि ग्रामवासियों की एकजुटता और सहयोग से ही ऐसे भव्य आयोजन संभव हो पाते हैं। । आयोजन के आचार्य पंडित श्री चंद्रिका तिवारी ने विधिविधान से पूजन-अर्चन एवं प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई। उनके मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं शास्त्रोक्त विधि से पूर्ण हुए। आयोजन को सफल बनाने में सरपंच दिलीप कुमार मन्नेवार, राम मन्नेवार, मनबोध गोपी सिदार, लोमश पटेल, मुकेश, लक्ष्मण, टीकम, उत्तम, सुखराम, सूरज, सुरेश मन्नेवार, दिनेश मन्नेवार, बाबूलाल पटेल, शिवनारायण, मथुरेश, नरेश केवट, राहुल यादव, कंगलु, सुनील, बालू मन्नेवार सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## सिंघनपुरी में कलश यात्रा व हिंदू संगम भजन कीर्तन के साथ शक्ति की उपासना



**लोरमी।** समीपस्थ ग्राम सिंघानपुरी में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर महिला ने हिंदू संगम के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया। सर्वप्रथम महिलाओं ने सिंघनपुरी से चितावर-घोघरा तक कलश यात्रा निकाली, उसके पश्चात हिंदू संगम के रूप सभा का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में राजकुमार कश्यप ने कहा कि, हिंदू संगठित है तभी गांव सुरक्षित है, क्षेत्र सुरक्षित है। सप्ताह में एक दिन मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ, माह में एक बार सामूहिक रूप से भारत माता की आरती तथा हिंदुओं के संगठन के लिए कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जुड़ने, बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण का हिस्सा बने। विश्व हिंदू परिषद की बैठकों में आने दुर्गावाहिनी के माध्यम से नवयुवतियों को शौर्य प्रशिक्षण देने जैसे अनेक उपक्रम से हिंदू समाज संगठित होगा, बलशाली होगा। भजन कीर्तन के साथ ही शक्ति की उपासना आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार कश्यप सहविभाग कार्यवाहक बिलासपुर उपस्थित रहे। साथ ही राहुल शुक्ला, कोमल सिंह ठाकुर, नवीन सिंह ठाकुर, कामता कुलमित्र, सडानंद कश्यप, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, जगदीश कश्यप, उमाशंकर सिंह राजपूत, ताम्रध्वज कश्यप, केशव ढीमर, वीरेंद्र कश्यप, हरेंद्र कुलमित्र, डॉ प्रमोद जायसवाल, कमल धूलिया, हेमराम कश्यप, रिंकू कुलमित्र, हरीश कुलमित्र, कामता प्रसाद कुलमित्र, गोलू निषाद, राजकुमारी प्रजापति सहित बड़ी संख्या में माता बहनों युवा की उपस्थिति रही।

# क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

**तखतपुर।** कांग्रेस ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए मंडल अध्यक्ष की सूची जारी की है। इसी क्रम में टिकरीपारा नगर से जितेंद्र राज सूर्यवंशी और देवांगनपारा से दिनेश देवांगन को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं छतौना से संदीप सूर्यवंशी, लाखासार रामकुमार पटेल, नेवरा मनोज यादव, घुटकू नरोत्तम पटेल, गनियारी दिनेश यादव, सकर्रा मथुरा सूर्यवंशी, सकरी अमित भारते, अमेरी नंदकुमार यादव एवं सुनील मानिकपुरी उस्लापुर के मंडल अध्यक्ष बनाए गए है। नगर के मंडल अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र राज और दिनेश देवांगन का फूल मालाओं से स्वागत



बिहारी देवांगन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, करीम कुरैशी, आवेश जान, प्रियांशु डाहिरे, संजू मिश्रा, राजू ठाकुर, आशीष मसीह, अजय ध्रुव, याकिन दास, रवि डग्गा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रघुराज बने मल्हार मंडल अध्यक्ष



**मल्हार।** कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के सभी जिलों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है।इसी क्रम में रघुराज पांडेय को मल्हार मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, एआईसीसी महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की टीम ने पहली बार प्रदेश के सभी जिलों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पूर्व मल्हार जोन अध्यक्ष गणेशदत्त राजू तिवारी ने बताया कि, मस्तूरी ब्लॉक में 11 मंडल बनाए गए हैं, जिसमें मल्हार मंडल से वरिष्ठ कांग्रेसी रघुराज पांडेय को मल्हार मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### पेंड्रा मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने सादिक



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में पहली बार मंडल कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की सहमति के बाद जिलेवार मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की। इसी क्रम में जीपीएम जिले में कुल 25 मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार पेंड्रा मंडल से कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेता सादिक खान को मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। सादिक खान लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े रहे हैं, और क्षेत्र में उनकी सक्रियता व संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह दायित्व दिया गया है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेलतरा

स्व मयाराम कोरी निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा कीर्तन भजन के साथ ग्राम के माता चौरा एवं ठाकुर देव में पूजा-अर्चना कर सरोवर से जल भरकर भागवत मंच पर पहुंची। काथा के आचार्य गौरव जोशी हैं। श्री जोशी ने धुंधकारी कथा का वृतांत सुनाते हुए कथा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अजमान सूरज-घनश्याम कोरी, मिथिला-राधेश्याम कोरी हैं।

राजकुमार, जमुना-रामनाथ, गंगा-सत्रुहन, करुणा-मनोज, दुर्गा-सुनील, निशा-सुधीर, पूर्णिमा-दुर्गेश, दीपा, दुर्गा-विजय, रोशनी, उषा, शाश्वत, मुकेश, कृष्ण चंद्र, भानु, प्रताप, प्रिया कोरी, खोलबहरा साहू, द्वारिका



नामदेव, मनहरण कश्यप, केशव कोरी, दरस कश्यप, कुंता राजपूत, अनिता फड़से अमरावती, रामनाथ कोरी, नितेंद्र गुरु दीवान जापकर्ता व आलोक जोशी पाठकर्ता हैं।

### रासेयो के स्वयंसेवकों ने किया बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण

**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर की एनएसएस इकाई ने महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं सम्मान किया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य डॉ पूर्णिमा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता, सदस्य नरेंद्र जायसवाल, सेतगंगा के सरपंच जय देवांगन सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामबाबू मिश्र बिरसा मुंडा के संघर्ष, आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान तथा उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। एनएसएस स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम को अनुशासन एवं उत्साह के साथ संपन्न कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना तथा सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करना रहा। विद्यालय परिवार के मुकेश सिंह परिहार ने उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एकलव्य विद्यालय में 6वीं प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**मुंगेली।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आवेदन 8 जनवरी से शुरु होकर 7 फरवरी तक किया जा सकेगा। इच्छुक अभ्यर्थी एवं अभिभावक प्रवेश संबंधी दिशा–निर्देशों का अवलोकन करते हुए वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कह सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों के सुधार हेतु 8 फरवरी से 10 फरवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं प्रवेश परीक्षा के आयोजन की संभावित तिथि 1 मार्च है।

# उमरिया दादर में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतनपुर

'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत उमरिया दादर में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एल्डरमेन मदन कहर ने की।

विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज जायसवाल तथा ग्राम खैरा के पूर्व सरपंच जगन्नाथ आर्मो, यूनुस मेमन शामिल रहे। कार्यक्रम में कांग्रेसजन सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि, किसानों और मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलनी चाहिए। उन्होंने बढ़ती महंगाई को देखते हुए मनरेगा की वर्तमान मजदूरी दर 260 रुपए से बढ़ाकर 460 रुपए प्रतिदिन करने की मांग की। पूर्व एल्डरमेन मदन कहर ने कहा कि, पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में 90 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत योगदान दिया जाता था, जिसे अब बदलकर 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि, सरकार नाम बदलकर किसानों और मजदूरों को भ्रमित कर रही है तथा रोजगार की कोई ठोस गारंटी नहीं दे रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज जायसवाल ने कहा कि, वर्तमान सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत मजदूरों के अधिकारों को छीनने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने मनरेगा को मजबूत करने, मजदूरी बढ़ाने और ग्रामीण मजदूरों को रोजगार की गारंटी देने की मांग दोहराई।

Ref. NO2/TCM/BSP Dated:-22/01/2026

**Tagore College of Management**
**Sakri, Bilaspur (C.G.)**
**(Approved by AICTE & Affiliation to CSVTU)**

**Requirement For MBA**

Application are invited for the Post notified below:-

| | | |
|---|---|---|
| TEACHING | Principal | 01 Post |
| | Professor | 01 Post |
| | Assistant Professor | 08 Post |

* Qualification, Experience & Salary as per AICTE Norms.
* Interested candidates can mail their resume alongwith relevant documents within 30 Days to email id **tcmbsp56@gmail.com.**

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने पर आरक्षक पुरस्कृत



**बिलासपुर।** सीएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने पर तोरवा थाना के आरक्षक को अपने वेतन से 1000 रुपए का इनाम देकर पुरस्कृत किया है। कोतवाली सीएसपी आईपीएस गगन कुमार ने तोरवा थाने में पदस्थ आरक्षक धर्मेन्द्र साहू को उल्लेखनीय कार्य करते हुए 21 गुमशुदा लोगों को खोजकर उनके परिजन से मिलाने पर अपने कार्यालय में बुलाकर 1000 हजार रुपए ईनाम दिया है। उन्होंने यह रकम अपने वेतन से दिया है।

### अश्लील फोटो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने सोशल मीडिया में अश्लील फोटो अपलोड करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, साइबर टीम लाइन पोर्टल में नाबालिग बच्चों की अश्लील फोटो अपलोड किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से अश्लील फोटो अपलोड करने वाले मस्तूरी नेतानगर निवासी अभय कैवर्त पिता संतोष कैवर्त 24 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

सड़ गया आठ हजार बोरा धान, जिले के धान संग्रहण केंद्रों में हालत बदतर

# धान के सुनहरे रंग पर पुत गई 'कालिख'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धान संग्रहण केंद्रों में करीब आठ हजार बोरा धान सड़ गया है। धान का रंग काला हो चुका है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है मानों सुनहरे रंग पर किसी ने कालिख पोत दी हो। सड़ गया, या सड़ा दिया गया? यह तो जांच का विषय है, लेकिन विपणन विभाग की माने तो यहां वर्ष 2011 तक के धान भी रखे हुए थे, जिससे पंद्रह साल में भी उठाव नहीं हो पाने के कारण यह स्थिति निर्मित हो गई।

सिस्टम की लापरवाही से अन्नदाताओं की मेहनत पर कालिख पुत रही है। संग्रहण केंद्रों में पंद्रह-पंद्रह साल से पड़े धान उठाव के इंतजार में सड़ रहे हैं। हालत यह है कि सुनहरे रंग का धान सड़कर पूरी तरह काला पड़ चुका है, जिसे देखने पर ऐसा लग रहा है मानो उस पर काला रंग चढ़ा दिया गया हो। मोपका संग्रहण केंद्र में चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच रखा गया धान जीर्ण-शीर्ण हालत में पड़ा है। 90 प्रतिशत धान खुले में ही रखे गए हैं, जिन्हें ढांका नहीं गया है। शायद यह सोचकर कि सड़ जाने के बाद अब ढांकने से क्या लाभ? जिले के चारों संग्रहण केंद्रों में से मोपका से सर्वाधिक 17 सौ मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है, जबकि यहां केवल 380 मीट्रिक टन धान ही उपलब्ध है। इसी तरह बिल्हा संग्रहण केंद्र में 1604 मीट्रिक टन धान का उठाव करना है, लेकिन मौके पर मात्र 140 मीट्रिक टन धान ही उपलब्ध है। जिले के चारों संग्रहण केंद्रों में सर्वाधिक 1 हजार 464 मीट्रिक टन धान का शार्टेज बिल्हा में ही है। लागत की बात करें तो अकेले बिल्हा में ही शार्टेज गया धान करीब साढ़े तीन करोड़ का होता है। पूरे जिले में शार्टेज गए धान की लागत करीब साढ़े दस करोड़ पहुंच रही है।



बिना सुरक्षा के धान संग्रहण केंद्र में रखा धान खराब हो गया।

### शार्टेज का कारण सूखत हो सकता है

मोपका संग्रहण केंद्र में वर्ष 2011-12 तक के भी धान रखे हुए थे, जिनका उठाव नहीं हो सका था। वर्तमान में सभी संग्रहण केंद्रों को मिलाकर 5 हजार 5 सौ मीट्रिक टन धान का उठाव शेष है, लेकिन मौके से एक हजार मीट्रिक टन धान का उठाव ही किया जा सकेगा। करीब 45 सौ मीट्रिक टन धान का शॉर्टेज आएगा। शार्टेज का एक बड़ा कारण सूखत भी हो सकता है।

**-उपेंद्र कुमार**
डीएमओ

### सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, फिर भी क्यों सड़ा धान

संग्रहण केंद्र में इतनी बड़ी मात्रा में धान के सड़ने को लेकर कई तथ्य सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा संग्रहण केंद्रों में धान की बड़ी मात्रा रखने के पहले ही इसे तेज धूप व बारिश के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए ढंकने का पर्याप्त इंतजाम किया जाता है। इसके अंतर्गत संग्रहण केंद्रों को बड़े व मोटे गेज वाले पॉलीथिन वितरित किए जाते हैं, ताकि धान की छल्ली सुरक्षित रखी जा सके। सुरक्षा के इतने इंतजाम होने के बाद भी इतनी बड़ी मात्रा में धान का सड़ जाना समझ से परे है।

### अच्छा धान उठाकर, रखा गया खराब धान

सूत्रों के अनुसार संग्रहण केंद्रों में पुराने वर्षों का डंप किया गया अच्छा धान उठाकर मार्केट में बेहतर दामों में बेच दिया जाता है। इसके स्थान पर उतनी ही मात्रा में रातों रात रिजेक्टेड धान लाकर संग्रहण केंद्र में डंप कर दिया जाता है, ताकि धान के विगत लंबे समय से रखे होने को सड़ जाने का कारण बताया जा सके। जिले के संग्रहण केंद्रों में भले ही यह बात लागू न होती हो, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में धान का सड़ना कई संदेहों को जन्म जरूर दे रहा है।

खेल विभाग बेखबर

# खेलो इंडिया के कर्मचारियों को 4 माह से नहीं मिला वेतन

### कोच और कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत सरकार के खेलो इंडिया प्रोजोक्ट के अंतर्गत काम कर रहे कर्मचारियों को बीते चार माह से वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारीयों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अगर जनवरी माह का भी वेतन नहीं मिला तो 5 माह बीत जाएगा। पीड़ित कर्मचारी उच्च अधिकारियों को लगातार गुहार लगा रहे हैं, मगर इस ओर अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

भारत सरकार की महत्वकांक्षी खेलो इंडिया योजना में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ी तैयार करने कर्मचारियों को रखा गया है,ताकि वे यहां के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार कर सके। मगर खिलाड़ियों को तैयार करने की जिम्मेदारी जिन कर्मचारीयों को दी गई है,उन पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

■ प्रशासन प्रचार-प्रसार व अन्य कार्यक्रमों में खर्च कर देता है लाखों रुपए

जानकारी के अनुसार अभी तक इस संबंध में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक को भी पत्राचार नहीं किया गया है।

कर्मचारी जब भी अधिकारियों के समक्ष वेतन की मांग करने जाते हैं,उन्हे कुछ दिनों का अश्वासन देकर टाल दिया जाता है। करोड़ों रूपए के बजट वाले खेल विभाग में कर्मचारियों को देने के लिए ही राशि नहीं निकल रही बल्कि प्रशासन प्रचार-प्रसार व अन्य कार्यक्रमों में लाखों रूपए खर्च कर देता है।




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# इंदू चौक की दो और दुकानों में शटर उठाकर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदू चौक के दो और दुकानों का शटर उठाकर चोरों ने नकद पार कर दिया था। उसी दिन महाराणा प्रताप चौक व अग्रेसन चौक के आगे दो दुकानों में चोरी की गई थी। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, परसदा रामावेली निवासी प्रेम कुमार वाधवानी पिता नंदलाल वाधवानी इंदू चौक में आटो मोबाइल व स्पेयर पाट्र्स की दुकान चलाते हैं। उनके बगल में राजकुमार छगानी की शिव सक्ती लुब्रीकेंटस



■ पुलिस चोरों की नहीं लगा पा रही सुराग

की दुकान है। 20 जनवरी की रात 9.45 बजे दोनों व्यापारी दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात चोरों ने दोनों दुकानों के शटर उठाकर गल्ले से 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। 21 जनवरी को सुबह 9.30 बजे दोनों व्यापारी दुकान खोलने आए तो चोरी की जानकारी हुई। ज्ञात हो कि 20 जनवरी की रात ही महाराणाप्रताप चौक स्थित इलेक्ट्रिक दुकान व पुराना बस स्टैण्ड रोड स्थित दुल्हा साहब दुकान का शटर उठाकर गल्ले से नकद रकम चोरी कर ली गई थी। सीटीटीवी में चार युवक चोरी करते नजर आ रहे हैं। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

### 33 लीटर महुआ शराब सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 33 लीटर महुआ शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस ने अवैध शराब बेचने की शिकायत पर पोंड़ी कुम्हारपारा निवासी रमेश दास मानिकपुरी पिता स्व. दयालदास मानिकपुरी 35 साल व सिलपहरी निवासी प्रेम कुमार धीरज पिता स्व. तिजऊ धीरज 40 साल को पकड़ लिया है। उनके पास से 33 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

